वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 308 बुधवार 6 मार्च 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### सतत विकास के लक्ष्यों में तेजी लाने पर राष्ट्रीय सम्मेलन

# राजस्थान वासियों का प्रकृति के प्रति लगाव बेहद अद्भुत: मुख्यमंत्री शर्मा

**रामराज्य की परिकल्पना में मानव जाति के साथ-समस्त जीवों और प्रकृति का कल्याण निहित**




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि रामराज्य की परिकल्पना में केवल मानव जाति का ही नहीं अपितु समस्त जीव-जन्तुओं, पृथ्वी और प्रकृति का कल्याण निहित है। प्रकृति में बेहतर सामंजस्य और संतुलन के आधार पर ही मानव जाति का विकास संभव है। इसलिए हमें प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य करना चाहिए। शर्मा मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सतत विकास लक्ष्यों में तेजी लाने संबंधी विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन आयोजित समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जीव-जन्तुओं की कई प्रजातियों का लुप्त होना चिंताजनक है। इन्हें बचाने के लिए पर्यावरण संतुलन आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से मानव जाति का अस्तित्व भी खतरे में है। इसीलिए हमें हमारी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए ही प्राकृतिक संसाधनों का संतुलित उपयोग करना चाहिए।

## जिम्मेदार नागरिक के कर्तव्य का करें अहसास

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य पूरा करते हुए आस-पास रह रहे जरूरतमंद व्यक्ति के बारे में भी सोचना चाहिए और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वंचित व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा एक छोटा सा प्रयास भी किसी के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है। इससे हमें जो आत्मसंतुष्टि मिलेगी वही हमारा सच्चा पुरस्कार होगा। शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के संकल्प में मानव कल्याण की भावना निहित है। राज्य सरकार इसी संकल्प को साकार करने के लिए समर्पित रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी मानना है कि सबका साथ, सबका विश्वास, सबका प्रयास और सबका विकास के संकल्प के साथ ही राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सकता है।

## प्रकृति संतुलन वर्तमान समय की आवश्यकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति अद्भुत है। यहां प्रत्येक प्राणी का जीवन एक-दूसरे पर निर्भर है और एक जीव दूसरे जीव का पालनहार है। प्रकृति के इसी संतुलन को बनाए रखना वर्तमान समय की आवश्यकता है। हमें हमारी आवश्यकताओं के अलावा भी प्रकृति के प्रति समर्पण का भाव रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान वासियों में प्रकृति के प्रति लगाव के कई उत्कृष्ट उदाहरण देखने को मिलते हैं जिनमें अमृता देवी का नाम प्रमुख है, जिन्होंने वृक्षों को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यूएनडीपी एसडीजी नॉलेज हब पोर्टल, राज्य सरकार द्वारा तैयार एसडीजी-2 डेशबोर्ड तथा खाद्य एवं पोषण सुरक्षा विश्लेषण डेशबोर्ड का लोकार्पण किया। उन्होंने विभिन्न राज्यों द्वारा एसडीजी के संबंध में किए गए कार्यों पर आधारित स्टॉल्स का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सदस्य वी.के. पॉल, वरिष्ठ सलाहकार (एसडीजी) डॉ. योगेश सूरी, संयुक्त राष्ट्र के रेजिडेंट समन्वयक शोम्बी शार्प, आयोजना विभाग के शासन सचिव नवीन जैन सहित केन्द्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं सम्मेलन के प्रतिभागीगण उपस्थित रहे।

# कामा का नाम कामजय तीर्थ कामवन होना चाहिए: आचार्य सुनील सागर

## सात दिवसीय पंचकल्याणक महोत्सव का अभिनंदन समारोह के साथ हुआ समापन



### कस्बे में निकाली गई रथ यात्रा तो भगवान की हुई वापसी



**कामा. शाबाश इंडिया**

राजनीति में किया गठबंधन ज्यादा नही चलता जबकि प्रभु से किया बंधन हमेशा चलता रहता है। पंचकल्याणक उत्सव कामां नगरी में इतिहास की संरचना कर गया आज से इस नगरी को कामजय तीर्थ कामवन के नाम से जाना जाए क्योंकि यहां का राजा भी कामसेन था और यहां इस महोत्सव ने काम पर जय हुई है। स्वयं शांतिनाथ भगवान भी काम पर जय कर तीर्थंकर बने थे उक्त प्रवचन सात दिवसीय पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतिम दिवस मोक्ष कल्याणक के अवसर पर जैन आचार्य सुनील सागर महाराज ने व्यक्त किये। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के अनुसार सात दिवसीय आयोजन का समापन कार्यकर्ताओ,पात्रों के सम्मान समारोह एवं छात्र-छात्राओं के अधिवेशन के साथ हुआ। बाहर से पधारे हुए अतिथियों का अभिनंदन किया गया तो अन्य संस्थाओं के पदाधिकारियों का भी स्वागत किया गया। **छात्र छात्राओं का हुआ अधिवेशन:** पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव में निजी शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं का अधिवेशन आचार्य सुनील सागर महाराज के सानिध्य में हुआ तो निजी शिक्षण संस्थान आदर्श विद्या मंदिर, जीनियस पब्लिक स्कूल ,विकास सेंट्रल,तिलक बाल, हरिकृपा विद्यालय, आदर्श जीवन शिक्षण संस्थान के छात्र छात्राओं को सम्पूर्ण मति माताजी, संपन्न मति माताजी ने सम्बोधन करते हुए कहा पिता के द्वारा पीटा गया पुत्र, सुनार के द्वारा पीटा गया सोना हमेशा आभूषण बनते हैं। इस अवसर पर आचार्य ने कहा कि हमेशा ऊँची सोच रखो व कड़ी मेहनत करो। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली उपस्थित रहे। **सम्मान समारोह हुआ आयोजित:** समापन से पूर्व पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में बने हुए पात्रों का सम्मान एवं विशेष योगदान देने वाले कार्यकताओं व पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान रविंद्र जैन ने कहा कि कामा में अभूतपूर्व आयोजन हुआ है जिसमे सभी की भूमिका सराहनीय रही। **रथ यात्रा में भगवान की हुई वापसी:** समापन समारोह के बाद कार्यक्रम स्थल हस्तिनापुर नगरी से रथ यात्रा में विराजमान होकर संपूर्ण नगर में भ्रमण करते हुए भगवान की वापसी शांतिनाथ दिगंबर जैन दीवान मंदिर में हुई तो नवीन प्रतिमाओं को जयकारों के साथ वेदी पर विराजमान किया गया। **कामवन बस्ती का जताया आभार:** पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव कामां के महामंत्री संजय जैन बड़जात्या ने कहा कि सम्पूर्ण कामवन बस्ती की भागीदारी से यह महोत्सव इतिहास गढ़ने के साथ साथ जन जन का बना और एक सुखद याद छोड़ने में कामयाब रहा। आचार्य सुनील सागर महाराज ने गदगद हो संपूर्ण कामां नगरी को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित व्यापार महासंघ, रेडीमेड यूनियन,किराना संघ, सर्व समाज, खंडेलवाल, अग्रवाल, ब्राह्मण, सैनी , पंजाबी, यादव, गुर्जर, मेव आदि सर्वसमाज, भोजन वितरण व्यवस्था में कामवन जीव सेवा समिति,खण्डेलवाल मित्र मंडल, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ कामवन, यथार्थ सेवा समिति,अपनाघर सेवा समिति सहित सभी सामाजिक संस्थाए,निजी शिक्षण संस्थान आदर्श विद्या मंदिर, जीनियस ,विकास सेंट्रल,तिलक बाल, हरिकृपा विद्यालय, आदर्श जीवन शिक्षण संस्थान, आवास व्यवस्था में एमपीएस पब्लिक स्कूल, बृज बाल निकेतन विद्यालय, अग्रवाल धर्मशाला, खण्डेलवाल धर्मशाला, राधा वाटिका सचिन शर्मा सहित सम्पूर्ण कामवन बस्ती एवं गीता खंडेलवाल के नेतृत्व में नगर पालिका प्रशासन द्वारा अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया गया तो वही पुलिस व प्रशासन ने भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी।

# अंबाह के डॉक्टर रामस्वरूप सरस नाथद्वारा में पाटोत्सव ब्रजभाषा समारोह में श्री राजेंद्र कुमार भंडारी स्मृति सम्मान 2024 से सम्मानित



**अजय जैन. शाबाश इंडिया**

अम्बाह ।वर्ष 1937 से कार्यरत भारतवर्ष की विख्यात साहित्यिक संस्था ''साहित्य मंडल'' द्वारा श्री नाथद्वारा के भगवती प्रसाद देवपुरा प्रेक्षागार में आयोजित तीन दिवसीय पाटोत्सव ब्रजभाषा समारोह मे अम्बाह के कवि- साहित्यकार डॉक्टर रामस्वरूप उपाध्याय सरस को विशिष्ट सम्मान प्रदान किया गया।जानकारी रहे कि लगभग एक सैकड़ा किताब चंबल अंचल पर एवं ब्रजभाषा पर लिखने वाले वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामस्वरूप उपाध्याय सरस को श्री राजेंद्र कुमार भंडारी स्मृति सम्मान 2024 से सम्मानित किया गया।यह सम्मान उन्हें डॉ सुषमा भंडारी दिल्ली द्वारा प्रदान किया गया ।इसके साथ ही उन्हें ब्रजभाषा मनीषी की मानक उपाधि से विभूषित भी किया गया। सम्मान के साथ साथ उन्हें 2100 रुपए की राशि भी प्रदान की गई। समारोह के समापन पर आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में डॉक्टर सरस ने ब्रजभाषा के गीतों की रसधारा से सब को भावविभोर कर दिया।समारोह का संचालन साहित्य मंडल, श्रीनाथद्वारा के प्रधानमंत्री श्याम प्रकाश देवपुरा ने किया।इस दौरान देशभर के 80 से अधिक जाने-माने साहित्यकार उपस्थित हुये डॉक्टर सरस के सम्मानित होने पर अंबाह के प्रबुद्धजनों ने उन्हें बधाई दी हैं।

# राजस्थान जैन युवा महासभा द्वारा महिला दिवस के उपलक्ष्य में वुमेन्स पावर-2024 का होगा आयोजन

## भट्टारकजी की नसियां में होगी अनूठी प्रस्तुति

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के तत्वावधान में शुक्रवार 8 मार्च को भट्टारकजी की नसियां में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वुमेन्स पावर-2024 महिलाओं के लिए विशेष आयोजन होगा। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं महामंत्री विनोद जैन 'कोटखावदा' ने बताया कि शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से होने वाले इस आयोजन में सांस्कृतिक प्रस्तुति, प्रतिभाओं का सम्मान, नारी उत्थान व मोटिवेशनल उदबोधन, महिलाओं के स्वास्थ्य पर टाक शो, नृत्य नाटिका सहित मनोरंजन के कई कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेविका शांति देवी, नीना निशा पहाड़िया होगी। अध्यक्षता समाजसेविका अनिला कोठारी करेगी। गौरवमयी अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, ग्रेटर नगर निगम की महापौर डॉ सौम्या गुर्जर,आईएएस नलिनी कठोतिया एवं समाजसेविका त्रिशला गोधा को आमंत्रित किया गया है। चित्र अनावरण कुसुम, दीपाली संघी करेगी।दीप प्रज्जवलन समाजसेविका ममता मिताली सोगानी जापान वाले करेगी। विशिष्ट अतिथि समाजसेविका दिशा ठोलिया,राखी गंगवाल,नीरु मेहता,शशि जैन जौहरी ,अंजू बैराठी,अन्नू तिजारिया ,स्नेह लता सोगानी,शशि तिजारिया, दीपा शर्मा, मंजू वैद, ऊषा जैन बनेठा, सुनीता कसेरा, गुणमाला देवी पहाड़िया, पुष्पा बिलाला होगी।

## आरएनसी पुरस्कार वार्षिक समारोह 7 को

# विद्याधर नगर स्थित 'उत्सव' माहेश्वरी जन उपयोगी भवन में होगा आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रूप नारायण छीपा फाउंडेशन के तत्वावधान में 7 मार्च गुरुवार को आरएनसी पुरस्कार वार्षिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह के मुख्य संयोजक मुकेश छीपा ने बताया कि विद्याधर नगर सेक्टर दो स्थित 'उत्सव' माहेश्वरी जन उपयोगी भवन में सुबह 10.30 बजे इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र होंगे वहीं समारोह की अध्यक्षता राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी करेंगे। फाउंडेशन के अध्यक्ष दिलीप छीपा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में सर्वप्रथम आगंतुकों के समक्ष संस्था का परिचय दिया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र के आगमन के बाद राष्ट्रगान होगा। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल द्वारा प्रस्तावना और मूल कर्तव्यों का वाचन भी किया जाएगा। इसके बाद राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी का उद्बोधन होगा। फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अशोक कुमार छीपा ने बताया कि पुरस्कार वितरण समारोह के तहत वर्ष 2024 आरएनसी पुरस्कार के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देनेवाले 30 नामों को चयनित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान ही चयनित प्रतिभागियों को 5 स्वर्ण और 25 रजत पदक, पशमीना शॉल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार वितरण के बाद राज्यपाल का उद्बोधन होगा। राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम का समापन होगा। आरएनसी फाउंडेशन के संयुक सचिव रोनार्क छीपा ने बताया कि शाम 5 बजे से सहभोज होगा।

**संस्था के उद्देश्यः** कार्यक्रम सम्मन्यक चंद्रदीप मेडतवाल ने बताया कि रूप नारायण छीपा फाउंडेशन मानवीय मूल्यों के उन्नयन के प्रति समर्पित एक पंजीकृत संस्था है। इसकी स्थापना वर्ष 2023 में हुई है। गरीबी में जीवन यापन करने वाले बच्चों की शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सेमिनार, प्रवचनों का आयोजन करना, जातिगत उच- नीच की सामाजिक व्यवस्था के उन्मूलन, सामाजिक उत्थान और विकास की मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए रूप नारायण छीपा फाउंडेशन कृत संकल्पित है। अपने प्रारंभिक वर्षों में शिक्षा कला एवं साहित्य, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, शांति संवर्धन और उद्यमिता इन चार चुनिंदा सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देनेवालों को सम्मानित किया जाएगा। संस्था द्वारा वर्ष 2024 में एक स्वर्ण पदक, पशमीना शॉल और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। भारत में ज्ञान, विज्ञान, अनुसंधान, उद्यमिता, जल व पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को संस्था द्वारा एक रजत पदक और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

# आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने कामां पंचकल्याणक महोत्सव के पश्चात प्रतिष्ठित प्रतिमाओं का प्रथम मस्तकाअभिषेक कराया



**कामां. शाबाश इंडिया।** श्री शांतिनाथ जिन बिम्ब पंचकल्याणक महामहोत्सव मोक्ष कल्याण के पश्चात 4 मार्च को दोपहर 4:00 बजे नवीन प्रतिष्ठित प्रतिमा व मूल नायक शांतिनाथ भगवान मूल वेदी में विराजमान हुए । प्रत्येक प्रतिमाओं का प्रथम मस्तकाअभिषेक व शांति धारा परम पूज्य आचार्य श्री सुनील सागर जी महाराज ने कराया। पंचकल्याणक महोत्सव समिति के मुख्य समन्वयक उदयभान जैन बडजात्या ने अवगत कराया की 5 मार्च को प्रातः 7:00 बजे 40 पिच्छियों के साथ परम पूज्य आचार्य श्री ने तीन वेदियों पर विराजमान नवीन प्रतिष्ठित प्रतिमाओं, मूलनायक श्री शांतिनाथ भगवान का महामस्तकाअभिषेक विश्व शांति की मंगल कामनाओं के साथ शांति धारा कराई ।

# दिगम्बर जैन महासमिति 11 दिवसीय जन्मभूमि तीर्थ यात्रा संघ प्रस्थान




**सांगानेर. शाबाश इंडिया।** जयपुर - 5 मार्च को दिगम्बर जैन महासमिति सांगानेर संभाग एवं प्रतापनगर सेक्टर- 3 के संयुक्त तत्वावधान में 11 दिवसीय तीर्थंकरों की 18 जन्म भूमियों की वंदनार्थ एसी की दो बसों द्वारा 90 यात्रियों की बस को आज प्रातः महासमिति के कार्याध्यक्ष णमोकार जैन, महामंत्री महावीर बाकलीवाल, रमेश जैन कोषाध्यक्ष, राजेन्द्र कुमार शाह कार्याध्यक्ष ने हरी झंडी दिखा कर रवाना की। सांगानेर संभाग के अध्यक्ष कैलाश चंद जैन मलैया , मंत्री डॉ.अरविन्द कुमार जैन, युवा मंत्री आशीष पाटनी ने विधि विधान पूर्वक प्रतापनगर सेक्टर 3 इकाई के अध्यक्ष एवं यात्रा संयोजक सुरेंद्र कुमार झांझरी, यात्रा प्रबंधक अशोक कुमार पवालिया एवं दोनों बस के ड्राइवरों को तिलक माला और दुपट्टा पहनाया और समस्त यात्रियों को भी तिलक माला दुपट्टा से स्वागत किया। सभी अतिथियों ने यात्रा की निर्विघ्न सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर आये सभी परिजनों द्वारा भाव विभोर होकर विदाई दी। मलैया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मर्म चिकित्सा विज्ञान पुस्तक का विमोचन



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

डॉ पीयूष त्रिवेदी द्वारा लिखित मर्म चिकित्सा विज्ञान पुस्तक का विमोचन आज विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख शिवलहरी, नीरज कुमावत, राकेश रावत, प्रमोद शर्मा की गरिमायी उपस्थिति रही। अध्यक्ष महोदय ने आयुर्वेद में वर्णित मर्म चिकित्सा को आधुनिक समय में रोगोपचार हेतु उपयोगी बताते हुए इस नवीन विधा के लिए आवश्यक शोध कार्य हेतु डॉ त्रिवेदी को निर्देशित किया। ये पुस्तक विधार्थियों एवं व्याधि से पीड़ित मानव समाज के लिए उपयोगी सिद्ध हो सकेगी।

## वेद ज्ञान

# कथाओं की सार्थकता

सनातन धर्म की कुछ कथाओं की सार्थकता हर युग में पाई जाती है। जैसे राम-रावण युद्ध, महाभारत और सागर मंथन। सागर मंथन हर मनुष्य पूरी जिंदगी करता है। यदि देवताओं की तरह उसके प्रयास और कार्यप्रणाली सत्मार्गी है तो उसे अमृत की प्राप्ति होती है। अन्यथा अनैतिक मार्गों के द्वारा किए मंथन के द्वारा अहंकार रूपी मदिरा प्राप्त होती है, जिसे पीकर वह पतन को प्राप्त होता है। इसी प्रकार राम-रावण युद्ध भी हर समय लड़ा जा रहा है। जो प्राणी सुग्रीव और विभीषण की तरह भगवान के पक्ष में युद्ध करते हैं उन्हें भवसागर को पार करने में विजय प्राप्त होती है और रावण की सेना के राक्षस जीवन मरण रूपी भवसागर में डूबते, उतरते रहते हैं और बार-बार अपने कर्मों के अनुसार निम्नतर योनियों में जन्म लेकर नर्क का दुख भोगते हैं। इसी प्रकार महाभारत की कथा का चित्रण भी किया गया है। गुरुनानक देव के अनुसार केवल मनुष्य ही ऐसा प्राणी है, जिसे बुद्धि और विवेक के अनुसार कर्म करने का अधिकार प्राप्त होता है। जिस प्रकार बुद्धि और विवेक मनुष्य को सत्कर्मों की तरफ प्रेरित करते हैं, उसी प्रकार अंधी इच्छाएं उसे मानसिक व्याधियां प्रदान करती हैं। महाभारत के कथानक के अनुसार धृतराष्ट्र की इच्छाएं अंधी थीं। इन अंधी इच्छाओं से उत्पन्न संतानें भी उसी प्रकार ईर्ष्या, लोभ, मोह रूपी पुत्रों-दुर्योधन और दुशासन आदि कहलाती हैं। बुद्धि और विवेक रूपी पांडव और धृतराष्ट्र और उनके पुत्रों रूपी बुराइयां हर मनुष्य में होती हैं, परंतु कृष्णरूपी अच्छे पथ-प्रदर्शक और मनुष्य की अपनी मेहनत और विवेक के जरिये कुछ जीवनरूपी महाभारत को जीत लेते हैं और शेष लोग अपनी इच्छाओं की पूर्ति करते-करते कौरवों की तरह जीवनरूपी संग्राम में मारे जाते हैं। ज्यादातर लोग अपनी बुराइयों के कारण असफल होने पर कहते हैं कि इस युग में कृष्णरूपी सारथी कहां तलाशें, परंतु ऐसे लोगों को यदि कोई अच्छा पथप्रदर्शक मिलता भी है तो ये उसके दिखाए मार्ग की खिल्ली उड़ाकर उस पर नहीं चलते हैं। भगवान कृष्ण ने दुर्योधन और धृतराष्ट्र को समझाकर सद्मार्ग पर चलने के लिए कहा था उसी प्रकार दुर्योधन ने भगवान का मजाक उड़ाकर उनके दिखाए मार्ग पर चलने से मना कर दिया था।

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार और कानून...

यह विचित्र है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून बनाने, उसके सफाए के लिए जंग का एलान करने वालों को खुद भ्रष्टाचार करने का एक तरह से हक हासिल था। अब सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि अगर कोई भी सांसद या विधायक रिश्वत लेकर सदन में सवाल पूछता या किसी पार्टी के पक्ष में मतदान करता है, तो उस पर भ्रष्टाचार का मामला बनता है। भ्रष्टाचार का मामला उस पर उसी समय बन जाता है, जब वह रिश्वत लेता है।



दरअसल, अभी तक ऐसा करने वाले विधायक और सांसद ऐसे आरोपों में कानूनी कार्रवाई से इसलिए बच कर निकल जाते रहे हैं कि संविधान के अनुच्छेद 105/194 में कहा गया है कि जनप्रतिनिधियों के सदन में कही गई किसी बात या किए गए किसी आचरण के खिलाफ अदालत में कार्रवाई नहीं हो सकती। सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि यह अनुच्छेद पूरे सदन की सुरक्षा के मकसद से बनाया गया है, न कि किसी एक जनप्रतिनिधि की सुरक्षा के लिए। मामला दरअसल झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक नेता से जुड़ा हुआ था, जिस पर आरोप था कि 2012 में उसने रिश्वत लेकर राज्यसभा चुनाव में दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया था। इस मामले में नरसिम्हा राव बनाम भारत सरकार के मामले में आए फैसले की नजीर देते हुए आरोपी को बरी करने की गुहार लगाई गई थी। मगर सर्वोच्च न्यायालय ने उस पुराने फैसले को भी अमान्य करार दे दिया। नरसिम्हा राव मामले में कुछ सांसदों पर आरोप लगा था कि उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव के दौरान के रिश्वत लेकर सत्तापक्ष के लिए मतदान किया। यह आरोप सीबीआइ जांच में सिद्ध भी हो गया था, मगर अदालत ने उसमें इसी तर्क से हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया था कि सदन की कार्यवाही के दौरान सांसदों को सांविधानिक सुरक्षा प्राप्त होती है। मगर सर्वोच्च न्यायालय के ताजा फैसले से एक नई नजीर बनी है। पिछले कुछ वर्षों में जिस तरह दलबदल कानून के भीतर से गली निकाल कर सरकारें गिराने और विधायकों के दूसरे दल की सरकार में शामिल हो जाने की घटनाएं बढ़ी हैं, रिश्वत लेकर राज्यसभा चुनाव में दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान के मामले बढ़े हैं, उसमें सर्वोच्च न्यायालय का यह फैसला ऐतिहासिक माना जाएगा। उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश में जिस तरह लाइन लांघ कर दूसरे दल के प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का मामला आया, उसमें भी विधायकों की खरीद-फरोख्त के आरोप लग रहे हैं। संबंधित विधायकों के दलों ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई तो की है, मगर इससे लोकतांत्रिक मूल्यों की शुचिता का भरोसा पैदा नहीं होता। सांसद और विधायक आम लोगों के प्रतिनिधि होते हैं और जब वे रिश्वत लेकर सवाल पूछते या किसी दूसरे दल के समर्थन में उतर आते हैं, तो उससे वे सारे मतदाता छले जाते हैं, जिन्होंने बहुमत देकर उन्हें सदन में भेजा होता है।


**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# कारगर होगी एआई

पिछले करीब दो वर्षों से तकनीकी दुनिया की बहस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता और इससे होने वाले नफे-नुकसान के आस-पास सिमटी रही है। हालांकि, पिछले साल के उत्तरार्द्ध में इस विमर्श का रुख नकारात्मक हो गया, क्योंकि पूर्वाग्रह, कॉपीराइट, गोपनीयता और डीपफेक जैसे मुद्दे सामने आने लगे। अब जब दुनिया के कई लोकतांत्रिक देशों में चुनाव नजदीक आ रहे हैं, तब 2024 वह साल साबित होने जा रहा है, जब एआई अपनी सबसे बड़ी परीक्षा देगी, और वह यह है कि यह लोकतंत्र के हित में मददगार होगी या इसके विनाश में? इस साल भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, इंडोनेशिया जैसे कई बड़े देशों में चुनाव होने वाले हैं। बेशक जेनरेटिव एआई से पहले डीपफेक मौजूद थे, पर अब सोरा और स्टेबल डिफ्यूजन जैसे उत्पाद अधिक लोकतांत्रिक बना दिए गए हैं, जिससे ये कहीं ज्यादा आसान, तेज और सस्ते हो गए हैं। इस साल की शुरूआत में बांग्लादेश व स्लोवाकिया में चुनाव हुए, और इन दोनों जगह डीपफेक एक अहम किरदार बनकर उभरा। बांग्लादेश में एक विपक्षी नेता को फलस्तीनियों के प्रति अपने समर्थन को लेकर असमंजस में देखा गया, जो वहां चुनावी जीत के लिए एक आत्मघाती कदम था। इसी तरह, स्लोवाकिया के चुनाव में एक प्रमुख दावेदार ने चुनावों में कथित धांधली की बात कही, और उससे भी अधिक चिंताजनक बात थी, बीयर की कीमत बढ़ाने का एलान, जो उनकी हार के कथित कारण बने। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की फर्जी आवाज में लोगों से अमेरिकी प्राइमरीज में वोट न करने का आग्रह पहले ही किया जा चुका है, और 2016 का कैंब्रिज एनालिटिका विवाद तो कई लोग अब भी नहीं भूले होंगे। इन सबने 2024 के चुनावों को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है। हालांकि, मैं एआई को लेकर पूरी तरह आशान्वित हूं। यकीन न हो, तो पाकिस्तान का चुनाव देखिए। वहां एक पूर्व प्रधानमंत्री जेल में डाल दिए गए, उनकी पार्टी से चुनाव चिह्न छीन लिया गया और उनके उम्मीदवारों को डराया-धमकाया गया। बेशक, चुनाव नतीजों में अन्य पार्टियों की जीत की घोषणा की गई, लेकिन ज्यादातर रिपोर्टों में यही कहा गया कि भारी धांधली के बावजूद इमरान खान की पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की है। इमरान ने सलाखों के भीतर रहते हुए चुनाव प्रचार के लिए जेनरेटिव एआई का इस्तेमाल किया और एआई से लोकतंत्र के खत्म होने संबंधी तमाम दावों की हवा निकाल दी। मैं यहां किसी का पक्ष नहीं ले रहा, लेकिन पाकिस्तान ने दिखाया है कि कैसे एआई का इस्तेमाल लोकतंत्र-विनाशक की भूमिका से इतर किया जा सकता है। निस्संदेह, डीपफेक में विनाशक ताकत है और भारत व अन्य देशों के चुनावों में हवा बनाने या बिगाड़ने में इसका उपयोग किया जा सकता है। मगर एआई से चुनाव-सुधार की दिशा में काफी कुछ किया जा सकता है। पाकिस्तान का चुनाव तो सिर्फ एक पहलू है, एआई का इस्तेमाल चुनावों में पारदर्शिता व समावेशिता लाने और इसकी दक्षता बढ़ाने में किया जा सकता है। डाटा विश्लेषण की इसकी उन्नत क्षमताएं चुनाव-संबंधी डाटा की निगरानी कर सकती हैं, जिससे धोखाधड़ी को पकड़ा जा सकता है। यह मतदाता पंजीकरण या मत डालने से जुड़ी गड़बड़ियों का पता लगा सकती है।

# विविधरंगी शख़्सियत के धनी हैं मकरंद देशपांडे





**जन्मदिन पर विशेष**

**कभी किसी को मुकम्मल जहाँ नहीं मिलता,**
**कहीं जमीं तो कहीं आसमाँ नहीं मिलता.....**

मरहूम निदा फाजली साहब का ये शेर देश के विविधरंगी अभिनेता, लेखक, निर्देशक मकरंद देशपांडे के करियर के उतार-चढ़ावों से काफी मेल खाता है। सिनेमा से ज्यादा रंगमंच को तरजीह देने वाले मकरंद को परदे पर अक्सर छोटी, मगर बेहद महत्वपूर्ण भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। फिर चाहे शाहरूख के साथ फिल्म स्वदेश में ह्यूं ही चला चल राहीह्य गाने वाला मस्तमौला बाबा हो या फिर फिल्म घातक में सन्नी देवल को ''ए तू ईधर इच रूक, भाई अभी तेरा गेम करेगा'' बोलने वाला टपोरी। मकरंद हर भूमिका में दर्शकों के दिलों पर अपनी छाप छोड़ जाते हैं। जंगल, सरफरोश, मकड़ी और डरना मना है जैसी फिल्मों में अपनी यादगार भूमिकाओं के साथ इन्होंने दर्जनों नाटकों के, सैंकड़ों शो दुनियाभर में किए हैं। जिनमें सर सर सरला, जोक, माँ इन ट्रांजिट, कृष्णा किडिंग और पत्नी जैसे नाटक दर्शकों में खासे चर्चित रहे। 6 मार्च 1966 को महाराष्ट्र में जन्मे इस मल्टी टैलेन्टिड एक्टर ने हिंदी, कन्नड़, मराठी, तेलुगु, मलयालम और तमिल सिनेमा में भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। कभी शाहरूख और आमिर जैसे सितारों के साथ अपने करियर की शुरूआत करने वाले मकरंद आज भले ही सिनेमा में उनके स्तर पर नहीं हैं, लेकिन थिएटर जगत में वे उनसे भी कहीं आगे हैं। ऐसा हम नहीं, बल्कि शाहरूख और आमिर भी मानते हैं। सच्चे दिल से रंगमंच को समर्पित और नवोदित अभिनेता-अभिनेत्रियों को अभिनय के गुर सिखा कर कला जगता को नई प्रतिभाएं प्रदान करने वाले इस विविधरंगी कलाकार को शाबाश इंडिया की ओर से जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं।

**ओमपाल सीलन,**
**फिल्म पत्रकार एवं समीक्षक,**
**वीआईएफटी, उदयपुर।**

# जियोग्राफी विभाग में किया वृक्षारोपण



**कोटा. शाबाश इंडिया।** कोटा विश्वविद्यालय मे आज संस्कृति भवन के प्रांगण मे जियोग्राफी विभाग के डॉ जे. पी. शर्मा के नेतृत्व मे वृक्षारोपण किया गया जिसमें करण सिंह नायक , राजेंद्र सुमन, करण प्रजापति, चंद्र प्रकाश अजमेर, जितेश मीणा, अंकुश मीणा व भवानी शंकर आदि उपस्थित रहे। इस दोरान करण सिंह नायक ने बताया की पेड़- पौधों का हमारे जीवन मे कितना महत्व है और इसे हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहता है। ''ग्रीन यूनिवर्सिटी क्लीन यूनिवर्सिटी'' का सभी छात्रों को संदेश दिया तथा संकल्प लिया की अपने विश्वविद्यालय प्रांगण को हरा रखने के लिए हमेशा कार्यरत रहेंगे।

# ग्रीष्मकालीन वाचना कलश स्थापना एवम सिद्ध चक्र महामंडल विधान का होगा भव्य आयोजन

## 6 मार्च 2024 को होगा मंगल प्रवेश

**कोटा. शाबाश इंडिया।** कई जन्मों का पुण्य सिमट कर जब जीवन में आता है तब जाकर दिगंबर जैन संतो का सानिध्य मिल पाता है जब संत आते है तो प्रकृति और संस्कृति मुस्कुराती है संत विकृति हटाते है पतित से पावन बनाते है। जीवन जीने के सूत्र देते है। संत जीवन को जीवंत कर देते है। अंजुली भर लेते है सागर भर देते है विष को अमृत और पतित को पावन कर देते है। धरती बिछोना है आसमान ओढ़ना है संयम तप त्याग और साधना की साक्षात मूर्ति का क्या कहना है। अध्यात्मयोगी आचार्य श्री 108 विशुद्धसागर की यतिराज के प्रज्ञावंत शिष्य श्रुतसंवेगी श्रमणरत्न श्री 108 आदित्यसागर जी श्रुतप्रिय श्रमणरत्न श्री 108 अप्रमितसागर जी एवं सहजानंदी श्रमणरत्न श्री 108 सहजसागर जी मुनिराज का ससंघ बसन्त विहार दि. जैन मंदिर से प्रातः 07:30 बजे मंगल विहार करके श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर आर के पुरम (त्रिकाल चौबीसी) में मंगल प्रवेश होगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष अंकित जैन महामंत्री अनुज जैन कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद जैन खजुरी ने बताया कि 07 मार्च 2024 गुरूवार आदित्य सागर महाराज के सानिध्य में मुनिसुव्रतनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस पर अभिषेक, शांतिधारा व निर्वाण लाडू चढ़ाया जाएगा। आदित्य सागर महाराज जी के द्वारा विशुद्ध ज्ञान ग्रीष्मकालीन वाचना होगी। इस कार्यक्रम में प्रथम मुख्य कलश द्वितीय सर्वार्थ सिद्धि कलश स्थापना बोली माध्यम के द्वारा होगी। राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी एवम मंदिर समिति के प्रचार प्रसार मंत्री पारस जैन पार्श्वमणि एवम अंशुल जैन ने बताया कि आष्टानिहका महापर्व पर आगामी 17 मार्च से 25 मार्च तक सिद्धचक्र मण्डल विधान संगीत की सुमधुर धुनों के साथ हर्षोल्लास के मंगलमय वातावरण आयोजित होगा इस विधान के विभिन्न पात्रों का चयन भी किया जायेगा। कार्याध्यक्ष प्रकाश जैन ने बताया कि इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज समिति के अध्यक्ष विमल जैन नांता, महामंत्री विनोद टोरडी, कार्याध्यक्ष जे.के.जैन, प्रकाश बज, राजमलजी पाटोदी, अनिल ठोरा, मनोज जैसवाल, पदम जैन, हरक चंद गोधा, मुकेश पापड़ीवाल, राजकुमार वेद, पंकज जैन,संजय निर्माण, जीतू डुगरवाल, मनीष जैन, अशोक पाटनी, विकास अजमेरा, दीपक जैन डीसीएम, बाबूलाल जैन, नरेशजी-निशाजी वेद एस के जैन, अमोलक चंद जैन इत्यादि लोग उपस्थित रहेंगे।



# अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा मे शांतिनाथ मण्डल विधान का हुआ आयोजन

## निवाई के 108 इन्द्र इन्द्राणियो ने श्रीफल चढ़ाकर किया भक्ति नृत्य

**निवाई. शाबाश इंडिया।** महावीर निर्वाण महोत्सव शताब्दी वर्ष के चलते आचार्य पदमनन्दी महाराज एवं आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के आशीर्वाद से निवाई के श्रद्धालुओं द्वारा श्री दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा मंदिर मे गाजेबाजे के साथ शांतिनाथ मण्डल विधान आयोजित किया गया जिसमें विधानाचार्य ब्रह्मचारी अनिल जैन शास्त्री बन्डा मध्यप्रदेश के मंत्रोच्चार द्वारा निवाई के सोधर्म इन्द्र महावीर प्रसाद हितेश छाबड़ा एवं मयंक जैन छाबड़ा के परिवारजन को वृहद शांतिधारा करने का सौभाग्य मिला एवं सभी इन्द्रो ने भगवान पदमप्रभु एवं शांतिनाथ के अभिषेक एवं विश्व में शांति की कामना के लिए शांतिधारा की। विधान कार्यक्रम के तहत जैन समाज के गायक विमल जौंला गायक अजीत काला एवं गायक विमल सोगानी ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। इस दौरान जयकारों के साथ शांतिनाथ मण्डल विधान का शुभारंभ किया गया। विधान मे भगवान पार्श्वनाथ के समक्ष दीप प्रज्वलन अमरचंद गंगवाल दुगार्पुरा एवं भाजपा नेता बाबूलाल कासलीवाल ने किया। इसके बाद नवदेवता पूजा पदमप्रभु जिन पूजा के साथ शांतिनाथ मण्डल विधान की पूजा अर्चना भक्ति भाव से की गई। कार्यक्रम में पिंकी जैन यामिनी जैन वर्षा जैन एवं आरती जैन जैन ने मंगलाचरण किया। विमल जौंला ने बताया कि विधान में गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने चार वलय में 130 श्री फल अर्ध्य समर्पित किए। इस दौरान कार्यक्रम में विश्व शांति कामना हेतु विधानाचार्य अनिल जैन शास्त्री द्वारा 108 शांति मंत्रो का उच्चारण करवाया गया जिसमें विपुल पाटनी अंशुल बैद अशोक जैन कमल छाबड़ा प्रेमचंद सोगानी पदम छाबड़ा पारसमल सांवलिया सुरेश सर्राफ सहित कई श्रद्धालुओं ने भगवान शांतिनाथ एवं पदमप्रभु की महाआरती के साथ विधान का समापन किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन विमल पाटनी ने किया।



# लेजेंड्स स्पोर्ट्स अकैडमी कोटा के तौसीफ ने रूस में जीता कांस्य पदक





**कोटा. शाबाश इंडिया।** हाल ही में मास्को,रूस में 1-5 मार्च 2024 तक आयोजित मास्को वूशु स्टार 2024 में कोटा के लेजेंड्स स्पोर्ट्स अकैडमी के तौसीफ हसन ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोटा का नाम रोशन किया। यह तौसीफ का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। इससे पहले तौसीफ ने नेशनल चैंपियनशिप व नेशनल गेम्स 2023 में लगातार स्वर्ण पदक जीते हैं। जीत के मौके पर तौसीफ के परिवारजन, कोच लक्ष्मण सिंह हाडा, पूर्व खेल अधिकारी अजीज पठान, प्रीतम सिंह, अनिल कुमार, मनोज कुमार, मोहित सिंह, करणवीर सिंह ने बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।

# तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत का मनाया गर्भ कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक




**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा ,चौरू,नारेडा मंडावरी, मेंहन्दवास, निमेडा, लसाडिया तथा लदाना के दिगम्बर जैन मंदिरों सहित फागी कस्बे के आदिनाथ मंदिर, पार्श्वनाथ मंदिर, मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, चंद्रपुरी मंदिर सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर भगवान पुष्पदंत का गर्भ कल्याणक महोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि कार्यक्रम में आज कस्बे के प्राचीन मंदिर आदिनाथ जिनालय में में प्रातः अभिषेक, महाशांतिधारा के बाद अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना की गई साथ ही जैन धर्म के नौवें तीर्थंकर पुष्पदंत नाथ भगवान का गर्भ कल्याणक महोत्सव का सामूहिक रूप से जयकारों के साथ अर्घ्य चढ़ाकर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई । कार्यक्रम में पंडित कैलाश कडिला ने भगवान पुष्पदंत के बारे में बताया की पुष्पदंत जी एक युवा तीर्थंकर थे , कम आयु में ही इन्हें ज्ञान की प्राप्ति हो गई थी। इक्ष्वाकु वंश के राजा सुग्रीव और रामा देवी के घर जन्मे पुष्पदंत जी के जन्म का नाम सुवधि रखा था ।इसलिए भगवान पुष्पदंत को सुवधिनाथ भी कहा जाता है।



# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया महिला कार रैली पोस्टर का विमोचन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** एक्स भारत फाऊंडेशन हरिगढ़ फार्म्स दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विराट के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में 10 मार्च 2024 को आयोजित होने वाली वूमेंस कार रैली के पोस्टर का विमोचन आज सचिवालय में माननीय उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया।इस अवसर पर फाउंडेशन की फाउंडर अनीता माथुर , दिगंबर जैन सोशल ग्रुप विराट के फाउंडर अध्यक्ष बसंत जैन ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाली वूमेंस कार रैली का यह पांचवा सीजन है एवं इसका प्रमुख उद्देश्य' सेल्फ लव' अपने आप से प्यार करो-रखा है।यह कार रैली राजस्थान इंटरनेशनलसेंटर से रवाना होगी आगरा रोड पर 52 फिट हनुमान जी के सामने हरिगढ़ फॉर्म्स जाकर फिनिश होगी ' अध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि इसमें बेस्ट कार डेकोरेशन , बेस्ट स्लोगन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट ग्रुप ड्रेस आदि अनेकों पुरस्कार रखे गए हैं।साथ ही प्रत्येक पार्टिसिपेंट को गिफ्ट वाउचर ,डिस्काउंट कूपन आदि अनेकों उपहार दिए जाएंगे।

# परम पूज्य निर्यापक श्रमण जेष्ठ श्रेष्ठ श्री समयसागरजी महाराज ने किया गोंदिया की ओर विहार

## अशोक नगर टीम ले रही है पद विहार में हिस्सा। दो दिन में तीन प्रांतो की भूमि को किया स्पर्श। डोंगरगढ़ से कुंडलपुर की ओर चल रहा है विहार: विजय धुर्रा

**आमगांव (गोंदिया). शाबाश इंडिया**

देव शास्त्र गुरु के प्रति आपकी जो श्रद्धा है वह शब्दों के माध्यम और भी अधिक बढ़ जाती है शब्द आपके अंतःकरण को स्पर्श कर प्रफुल्लित कर देते हैं। यही प्रसन्नता पुण्य का कारण बन जाती है वर्तमान में इस पंचम काल में किसी भी कषाय का क्षय सम्भव नहीं है उपसम संभव है क्षयोपसम सम्भंव है किन्तु किसी भी प्रकृति का क्षयं संभव नहीं है।ज्ञान के द्वारा आत्मा का विकास होता है ।चारित्र के द्वारा विकास होता है तप के द्वारा आत्मा विकास होता है रत्नात्रय के द्वारा आत्मा का विकास होता है और इन्हीं साधनों को लेकर संसारी प्राणी अंहकार का अनुभव करता है। इसे और कौन सी विडंबना हो सकती है उक्त आश्य केउद्गार संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य जेष्ठ श्रेष्ठ निर्यापक श्रमण मुनि श्री समयसागरजी महाराज ने मनोहर भाई




पटेल विश्व विद्यालय प्रांगण सालेकसा जिला गोंदिया महाराष्ट्र में धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

# स्वयं को बदले परिस्थितियों को नहीं : गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, गुन्सी (राज.) के तत्वावधान में गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के संसंघ सान्निध्य में 1008 दिवसीय श्री जिनसहस्त्रनाम का अखण्ड मंगल पाठ में समाज सेविका कंचनबाई सेठी नांदेड़ ने सहभाग लिया। तत्पश्चात भगवान पुष्पदंतनाथ भगवान जी के गर्भ कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य में संघ द्वारा भगवान की स्तुति की गई। प्रातः कालीन शांतिधारा करने का सौभाग्य गुरू भक्त प्रकाशचंद सेठी नांदेड़ वालों ने प्राप्त किया। पूज्य माताजी की आहारचर्या कराने का सौभाग्य मणिदेवी अजमेरा किशनगढ़, अनिल भाणजा निवाई एवं व्रती आश्रम के व्रतियों ने प्राप्त किया। गुरूभक्त जिनेन्द्र सेठी मिलाप नगर, जयपुर वालों ने गुरूमाँ का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया एवं निमार्णाधीन सहस्त्रकूट जिनालय का अवलोकन किया। माताजी ने प्रवचन सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधन देते हुए कहा कि- डोर लंबी हो इसका मतलब यह नहीं की पतंग बहुत ऊपर तक जायेगी। उड़ाने का तरीका आना चाहिये, दौलत ज्यादा होने का मतलब सफल जीवन नहीं, जीने का सलीका आना चाहिये। जीवन तब कठिन लगता है जब हम स्वयं को बदलने की बजाय परिस्थितियों को बदलने का प्रयास करते है।



# डॉक्टर अनुपम जैन आउटस्टैंडिंग अकैडमिशियन का अवार्ड-2024 से हुए सम्मानित







**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 5 मार्च को राजस्थान विश्वविद्यालय के लेखा एवं सांख्यिकी विभाग के द्वारा तिरुपति कॉलेज ऑफ टेक्निकल एजुकेशन जयपुर के सहसंयोजन में एक अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय रहा इन्नोवेटिव रिसर्च एंड प्रैक्टिस इन कॉमर्स मैनेजमेंट एंड आईटी फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट। जिसका आयोजन आर ए पोद्दार इंस्टीट्यूशन ऑफ मैनेजमेंट जयपुर में किया गया। सेमिनार में आउटस्टैंडिंग अकैडमिशियन का अवार्ड-2024 डॉक्टर अनुपम जैन एसोसिएट प्रोफेसर पोदार इंटरनेशनल कॉलेज जयपुर को नवाजा गया यह अवार्ड उन्हें उनके एक्स्ट्राऑर्डिनरी कंट्रीब्यूशन इन एजुकेशन सेक्टर के लिए प्रदान किया गया।

# श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा 22 जनवरी को अल्बर्ट हॉल में आयोजित राम लला दीपोत्सव कार्यक्रम में राम मंदिर की सबसे बड़ी लकड़ी की प्रतिकृति के संबंध में गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड प्राप्त हुआ। रोटेरियन लायन सुधीर जैन गोधा संस्थापक अध्यक्ष श्री धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट ने बताया कि यह सब की शुभकामनाओं और सहयोग के कारण ही संभव हुआ हैं।

# अनुराग्यम की ओर से कवयित्री सुशी सक्सेना को सम्मानित किया गया






**बड़ौदा. शाबाश इंडिया**

अनुराग्यम की तरफ से इंदौर की सुप्रसिद्ध कवियत्री सुशी सक्सेना को उनके हिंदी साहित्य में योगदान के लिए वंदे मातरम अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके लिए उन्होंने अनुराग्यम के संस्थापक आदरणीय सचिन चतुर्वेदी को हार्दिक धन्यवाद कहा। कवियत्री सुशी सक्सेना की रचनाओं का मुख्य विषय ज्यादातर प्रेम होता है। फिलहाल बहुत जल्दी उनकी नई पुस्तक महानायक आने वाली है जो देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के क्रियाकलापों पर आधारित है। उनकी पुस्तकों की रचनाएं पाठकों के द्वारा सराही गईं, उनकी रचनाएं विभिन्न पत्रिकाएं, समाचार पत्र, सोशल मीडिया के विभिन्न पटल पर अक्सर प्रकाशित होती रहती है। रसायन विज्ञान में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएट सुशी सक्सेना की शिक्षा दीक्षा वैसे तो विज्ञान विषय में हुई, परंतु साहित्य सृजन में उनकी विशेष रुचि शुरू से ही रही है। और लगातार साहित्य सृजन में रत हैं। सुशी सक्सेना मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड के बांदा जिले से हैं परन्तु वर्तमान में इंदौर मध्यप्रदेश में रह रही हैं । वे पेशे से एक वेवसाइट में क्रिएटिव राइटर हैं। और विज्ञापन एजेंसियों के लिए जिंगल लिखती हैं। प्रेम पर जैसी सरल मनोभाव सुशी सक्सेना अपनी कविता में व्यक्त करती है जो सीधे पाठक को अपने दिल से जोड़ती हैं।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# कीर्ति नगर जैन मंदिर में चार दिवसीय तीस चोबीसी विधान का समापन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य 108 आचार्य श्री चैत्य सागर जी महाराज के सानिध्य में कीर्ति नगर जैन मंदिर में जयपुर में प्रथम बार तीस चोबिसी विधान का आयोजन बहुत ही विशाल स्तर पर भक्तिमय माहोल में आयोजित किया गया। मंदिर के अध्यक्ष अरुण काला और महामंत्री जगदीश जैन ने बताया कि इस विधान में करीब 720 अर्ग अर्पित किए गये प्रतिदिन श्रीजी के पंचामृत अभिषेक किया गया। आचार्य चैत्यसागर जी महाराज ने प्रतिदिन अपने उद्बोधन में समाज को इस विधान की महिमा के बारे में बताया और धर्म प्रभावना बढ़ाने पर जोर दिया। प्रचार मंत्री आशीष बैद ने बताया की विधान में करीब 150 लोग बैठे है। परम पूज्य आचार्य चैत्य सागर जी महाराज ने समाज की युवा पीढ़ी को रात्रि भोजन त्यागने के लिए प्रेरित किया। पूजा विश्व प्रशिद्ध पंडित कुमुद जी सोनी अजमेर वाले के द्वारा करायी गयी।



## सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा के जन्म दिन पर बधाई दी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, श्री धर्म जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष पदम चन्द बिलाला नेसिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा के जन्म दिन पर बधाई दी साथ में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी उपस्थित रहे।

## दिगम्बर जैन महिला महासमिति अजमेर ने "उड़ान" में सहभागिता की



**अजमेर. शाबाश इंडिया।** भट्टारक जी की नसियां, जयपुर के तोतुका भवन में उड़ान कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ ' जिसमें महिला सशक्तिकरण को लेकर जैन समाज प्रोग्रेसिव महिलाओं के समूहों ने सहभगिता दी। अजमेर इकाई की अध्यक्ष रूपश्री जैन के नेतृत्व में पदाधिकारियो ने अपने विचार व्यक्त किये एवंम कार्यक्रम की अध्यक्ष शंकुन्तला बिंदायक्या ने अजमेर इकाई की भूरि- भूरि प्रशंशा की और अपेक्षा की कि अजमेर इकाई को उंचाईया प्रदान करेगी, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बड़जात्या व महावीर बसंत, अश्वपालन की निदेशक अनिता कोठारी, शशि सोगानी, पुलिस इंस्पेक्टर रेखा जैन रही। अजमेर इकाई के अपने बैनर का विमोचन भी किया गया। अजमेर से अनुभा बकलीवाल मंत्री, सुनीता गंगवाल कोषाध्यक्ष व समिति के अन्य सदस्य जिनमे अंतिमा लुहाड़िया रेखा जैन, कुसुम जैन आदि उपस्थित रहे।

# गुलाबीनगर ग्रुप के सचिव विनोद बड़जात्या को श्रेष्ठ सचिव पुरस्कार से सम्मानित

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल गुलाबीनगर ग्रुप के 18 सदस्य राष्ट्रीय फेडरेशन के कुंडलपुर अधिवेशन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। संस्थापक अध्यक्ष अनिल जैन, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेन्द्र मृदुला पांड्या, अध्यक्ष श्रीमती सुशीला बड़जात्या, सचिव महावीर पांड्या, सहसचिव राजेन्द्र छाबडा, रतनचंद सोगानी, धार्मिक सचिव महावीर कासलीवाल,राजेन्द्र कासलीवाल, सुरेन्द्र दिग्गीवाल ,राजेन्द्र बड़जात्या अधिवेशन में उपस्थित रहे। कुंडलपुरजी में 3 मार्च 2024 को आयोजित फेडरेशन के अधिवेशन में गुलाबीनगर ग्रुप ने शानदार बैनर प्रस्तुति देकर प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज की।बड़े बाबा के अभिषेक और कुंडलपुरजी की वंदना का भी अवसर प्राप्त हुआ। ग्रुप के लिये गौरव के क्षण फेडरेशन के कुंडलपुर अधिवेशन में गुलाबीनगर ग्रुप की सहभागिता दिगम्बर जैन सोशल गुलाबीनगर ग्रुप के 18 सदस्य राष्ट्रीय फेडरेशन के कुंडलपुर अधिवेशन के लिये ग्रुप में अनिल जी जैन राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष , सुरेन्द्र मदुर्ला पांड्या राष्ट्रीय परामर्शक फेडरेशन, अध्यक्ष श्रीमती सुशीला बड़जात्या, सचिव महावीर पांड्या, सहसचिव राजेन्द्र छाबडा, रतनचंद सोगानी, धार्मिक सचिव महावीर कासलीवाल, राजेन्द्र कासलीवाल, सुरेन्द्र दिग्गीवाल, राजेन्द्र बड़जात्या बैनर प्रेजेंटेशन हेतु अधिवेशन में उपस्थित रहे। कुंडलपुरजी में 3 मार्च 2024 को आयोजित फेडरेशन के अधिवेशन में गुलाबीनगर ग्रुप ने शानदार बैनर प्रस्तुति देकर प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज की। बड़े बाबा के अभिषेक और कुंडलपुरजी की वंदना का भी अवसर प्राप्त हुआ।

<u>ग्रुप के लिये गौरव के क्षण:</u> अधिवेशन में वर्ष 2023 की विशिष्ट गतिविधियों के लिये ग्रुप सचिव विनोद बड़जात्या को श्रेष्ठ सचिव के पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा ससम्मान प्रदत्त श्रेष्ठ गतिविधि-धार्मिक यात्रा, मनोरंजन यात्रा,मानव सेवा अन्य गतिविधि* पर्यावरण,पुण्य स्मृति कार्यक्रम ,पुरस्कार से सम्मानित किया गया। अध्यक्ष राजस्थान रीजन श राजेश बड़जात्या, फेडरेशन कार्याध्यक्ष अनिल जैन राष्ट्रीय परामर्शक सुरेन्द्र पांड्या , गुलाबीनगर अध्यक्ष सुशीला बड़जात्या,सचिव महावीर पांड्या, सहसचिव राजेन्द्र छारेडा महावीर कासलीवाल सभी ग्रुप सदस्योंकी उपस्थिति में पुरस्कार प्राप्त किया। फेडरेशन के अधिवेशन के साथ साथ ग्रुप 4 मार्च को बस कार द्वारा कुंडलपुर से धार्मिक क्षेत्र -स्थलों, बेला जी तेजगढ़, तेंदूखेड़ा, बीना- बारह , पटेरिया जी, पटनागंज रेहली, विरागोदय, व महाराज व माताजी का दर्शन लाभ लिया। रात्रि में दयोदया ट्रेन से दमोह से 5 मार्च को जयपुर पहुँचे।




**सुशीला बड़जात्या, अध्यक्ष**
**महावीर पांड्या सचिव**

अधिवेशन में वर्ष 2023 की विशिष्ट गतिविधियों के लिये ग्रुप सचिव विनोद बड़जात्या को श्रेष्ठ सचिव के पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा ससम्मान प्रदत्त श्रेष्ठ गतिविधि-धार्मिक यात्रा, मनोरंजन यात्रा,मानव सेवा अन्य गतिविधि पर्यावरण,पुण्य स्मृति कार्यक्रम ,पुरस्कार से सम्मानित किया गया।अध्यक्ष राजस्थान रीजन श्री राजेश बड़जात्या, फेडरेशन कार्याध्यक्ष अनिल जैन राष्ट्रीय परामर्शक सुरेन्द्र पांड्या , गुलाबीनगर अध्यक्ष सुशीला बड़जात्या,सचिव महावीर पांड्या, सहसचिव राजेन्द्र छारेडा महावीर कासलीवाल सभी ग्रुप सदस्योंकी उपस्थिति में पुरस्कार प्राप्त किया। फेडरेशन के अधिवेशन के साथ साथ ग्रुप 4 मार्च को बस कार द्वारा कुंडलपुर से धार्मिक क्षेत्र -स्थलों, बेला जी तेजगढ़, तेंदूखेड़ा, बीना- बारह , पटेरिया जी, पटनागंज रेहली, विरागोदय, व महाराज व माताजी का दर्शन लाभ लिया। रात्रि में दयोदया ट्रेन से दमोह से 5 मार्च को जयपुर पहुँचे।



## भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 10 के क्षेत्रीय अधिवेशन में उत्कृष्ट कार्यकर्ता सम्मान से मनीष शास्त्री विद्यार्थी सम्मानित



**सागर. शाबाश इंडिया।** भारतीय जैन मिलन क्षेत्र क्र.10 का क्षेत्रिय अधिवेशन विरागोदय तीर्थ क्षेत्र पथरिया में जैन मिलन पथरिया के तत्वावधान में 40 शाखाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी शाखों के झंडा,बैनर बैंड बाजे के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम क्षेत्रीय अध्यक्ष अतिवीर अरुण जैन चंदेरिया एवं मंत्री वीरां कविता ऋषभ जैन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर विजय गुना, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष वीर महेन्द्र ग्वालियर, राष्ट्रीय मंत्री अतिवीर कमलेन्द्र , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर विनय गुना की गरिमामयी एवं सभी क्षेत्रीय पदाधिकारी संपन्न हुआ।तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों द्वारा दीपप्रज्वलन , महावीर प्रार्थना एवं भगवानगंज सागर की वीरांगनाओं द्वारा मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। पथरिया शाखा अध्यक्ष अतिवीर संजय कुबेर द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण चंदेरिया द्वारा अतिथि परिचय दिया एवं आतिथ्य शाखा की सुन्दर व्यस्था की सराहना की।क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती कविता जैन ने क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। सभी शाखाओं को वार्षिक प्रगति के आधार पर सम्मानित किया गया।

## आचार्यश्री विशुद्ध सागर जी महाराज के सानिध्य में होगा चंद्रसागर वस्तिका का संत सदन का लोकार्पण

**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**




**इंदौर. शाबाश इंडिया।** मल्हारगंज गली नंबर 3 स्थित (बहादुर भवन के पास) नवश्रंगारित चंद्रसागर वस्तीका का संत सदन 12 मार्च मंगलवार को दोपहर 2.30 बजे आचार्यश्री विशुद्धसागर जी महाराज ससंघ के मंगल मय सानिध्य में लोकार्पण किया जाएगा । जैन समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व महापौर पुष्यमित्र भार्गव होंगे। समस्त कार्यक्रम अध्यक्ष नरेश सेठी बीसपंथी मंदिर व्यवस्थापक कमेटी के राजेश पांड्या, भरत काला, अजयपाल टोंग्या, धर्मेन्द्र पाटनी व अजय रावका मनमोहन झांझरी के संयोजन में संपन्न होगा। मोदी जी की नसिया बड़ा गणपति पर आचार्य संघ की भव्य रूप से अगवानी की जाएगी। बैंड बाजों के साथ विशाल जुलूस के रूप में पुलक मंच के संयोजकत्व में भव्य शोभायात्रा निकलेगी जो की 20 पंथी मंदिर मल्हारगंज पर पहुंचेगी।